हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 19 फरवरी 2026

04 बेखौफ चोरः 65 लाख के गहने और रात में 10 बकरे...



05 साहब, हमारे गांव में इंदौर-भोपाल से बुलवाई जा...





**खबर संक्षेप**

### रैन बसेरा में पुस्तकों का दान करने की अपील

**सीहोर।** शहरी क्षेत्र मे संचालित आश्रय स्थल (रैन बसेरा मे आने वाले नागरिको को हिन्दी साहित्य व प्रेरणादायी पुस्तके ज्ञानवर्धक (जनरल नालेज) पढाने के लिए सुगमता से प्राप्त हो सके, उसके लिए सीएमओ नगर पालिका ने शहर के दानदाताओं से अपील की है कि वे पुस्तकों का दान रैन बसेरा में करके साहित्य को बढ़ावा देने मे सहयोग करें। रैन बसेरा नगरीय क्षेत्र गंगा आश्रम जिला अस्पताल के समीप एक रैन बसेरा नपा द्वारा संचालित किया जा रहा है।

### किसान पंजीयन 7 फरवरी से 7 मार्च तक


**सीहोर।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत उप सचिव, म.प्र. शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा किसानों का पंजीयन 7 फरवरी 2026 से 7 मार्च तक होगा। जिन किसानों का पंजीयन शेष है, वे निर्धारित समयावधि में अनिवार्य रूप से पंजीयन कराएं। समर्थन मूल्य पर विक्रय की गई उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसानों के आधार लिंक बैंक खातों में किया जाएगा। यदि किसी कारणवश आधार लिंक खाते में भुगतान संभव नहीं हो पाता है, तो पंजीयन के समय उपलब्ध कराए गए बैंक खाते में राशि अंतरित की जाएगी। पंजीयन के समय किसानों को बैंक खाता क्रमांक एवं IFSC कोड की जानकारी उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। जनधन खाते, विगत 6 माह से अक्रियाशील खाते, संयुक्त खाते, फिनो, एयरटेल, पेटीएम तथा नाबालिग बैंक खाते पंजीयन हेतु मान्य नहीं होंगे। वन पट्टाधारी एवं सिकमी काश्तकार किसानों को पंजीयन के समय आवश्यक दस्तावेजों के साथ अनुबंध अथवा पट्टे की प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

### करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही सीवन, नदी में हर तरफ परसी गंदगी

# सीवन की बदहाली के 20 सालः चार परिषदें आईं और गईं पर नहीं बदली जीवनदायिनी की तकदीर

कांवड़ यात्रा में प्रतिवर्ष देश भर से आते हैं श्रद्धालु, कड़वी यादें समेटकर अपने साथ लेकर जाते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर की जीवनदायिनी सीवन नदी आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। विडंबना देखिए कि दो दशक पहले सीवन की जो स्थिति थी, आज भी हालात जस के तस हैं। इन 20 वर्षों में नगर पालिका में चार बार परिषदें बदलीं दर्जनों वादे किए गए और फाइलों में कई रिवर फ्रंट प्लान बने, लेकिन धरातल पर सीवन को जीवन देने में हर कोई नाकाम रहा।

बता दें सीवन नदी शहर की एकमात्र जीवन दायिनी हैं, जो शहर के बीचों बीच बहती है। सीवन नदी की वजह से शहर के आधे हिस्से के जलस्त्रोतों को रिचार्ज करने में मदद करती है। साथ ही सबसे बड़ी बात यह है कि पं. प्रदीप मिश्रा के नेतृत्व में प्रतिवर्ष सावन के महीने में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। हर साल कुबेरेश्वर धाम की कांवड़ यात्रा में देशभर से लाखों श्रद्धालु आते हैं। वे इसी सीवन के महिला घाट से जल भरकर संकल्प लेते हैं, लेकिन नदी की दुर्दशा और गंदगी देखकर वे एक कड़वी याद साथ ले जाते हैं। कई बार तो सावन के महीने में भी नदी में इतना पानी नहीं होता कि कांवडिय़े आसानी से जल भर सकें।

**हरिभूमि फोकस**

#### अतिक्रमण की चपेट में, नोटिस दिखावे के

बता दें नदी को सुखाने में अतिक्रमणकारियों और ईंट भ_ों ने बड़ी भूमिका निभाई है। नदी के किनारों पर अवैध कब्जे हैं। हाल ही में 44 लोगों को नोटिस दिए गए थे, जिनमें से अधिकांश के पास वैध दस्तावेज तक नहीं थे। इसके बावजूद कार्रवाई के नाम पर प्रशासन सुस्त है। ईंट भ_ों के कारण नदी का पानी लगातार प्रदूषित हो रहा है, जिसे रोकने वाला कोई नहीं है।

#### बीते साल ही दिखाए थे रिवर फ्रंट के सपने

बता दें बीते साल भी नगर पालिका द्वारा सीवन उद्धार को लेकर बड़े-बड़े दावे किए थे। रविन फ्रंट डेवलपमेंट प्लान का राग अलापा गया था। इस प्लान में 7 घाटों के पुनरुद्धार और सौंदर्यीकरण का दावा किया गया था। हालांकि यह प्लान महज कागजों ही सीमित होकर रह गया। सीवन को जीवन देने में अब तक धरातल पर ऐसी कोई ठोस प्लानिंग नजर नहीं आई, जिससे कि कहा जा सके कि अब सीवन को जीवन मिलेगा।

#### गहरीकरण किए जाने के नाम पर केवल मिट्टी निकाल कर डाल दी

पिछले दो दशकों में जब भी गहरीकरण की बात हुई वह केवल दिखावा साबित हुई। बिना किसी ठोस प्लानिंग के मशीनें उतारी गईं और कुछ डंपर मिट्टी निकालकर काम समेट लिया गया। इन दो दशकों के दौरान हर बार परिषद को नए अध्यक्ष मिले, सभी से शहरवासियों ने यह उम्मीद लगाई कि यह परिषद सीवन का उद्धार करेगी, लेकिन हर परिषद ने सीवन के प्रति उदासी ही दी है।



## महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में भर्ती आज

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 19 फरवरी को सीहोर स्थित डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में सुबह 11 बजे से युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जायेगा।

रोजगार मेले में वर्धमान फेब्रिक्स, ट्राइडेंट ग्रुप, आयशर कंपनी, एचडीएफसी बैंक, श्रीराम फाइनेंस, स्वरर्ना फर्टिलाइजर, एसबीआई लाइफ, पुष्पक एग्रोटेक, एमआरएफ लिमिटेड सहित 19 कंपनियों द्वारा लगभग 1366 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा एवं नये प्रकरण तैयार किये जायेंगे। इसके साथ ही आईटीआई विभाग द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिये युवाओं को चयनित किया जायेगा। इच्छुक आवेदक अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ 19 फरवरी को रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं।

#### ट्राइडेंट ग्रुप बुधनी 3000 युवतियों की नियुक्ति करेगी

रोजगार मेले में ट्राइडेंट ग्रुप बुधनी द्वारा लगभग 3000 युवतियों की निशुल्क नियुक्ति की जाएगी। पात्रता 10वीं, 12 वीं एवं आईटीआई उत्तीर्ण, आयु 18 से 25 वर्ष निर्धारित है। चयनित अभ्यर्थियों को प्रारंभिक स्टाइपेंड 18,000 रुपए प्रतिमाह प्रदान किया जाएगा, जो अनुभव अनुसार बढ़कर 50,000 रुपए तक होगा। इच्छुक युवतियाँ अपने समस्त मूल शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों के साथ मेले में उपस्थित हो सकती हैं।

### सड़क पर मवेशी छोड़ने पर होगी कार्रवाई

**सीहोर।** सड़क पर पाये जाने वाले गोवंश को स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा किसी सुदूर गोशाला या गोठान में पहुँचा दिया जायेगा। दुधारू गोवंश को छोड़ने पर पशु मालिक पर आर्थिक रूप से दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। इस अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गोपालक अपने मवेशियों को सड़कों पर भटकने से बचाये और शासन-प्रशासन को सहयोग करें। पशुपालकों से अपील की है कि अपने गोवंश को सड़कों पर खुला न छोड़ें। नेशनल और स्टेट हाई-वे सहित ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र की सड़कों पर पालतू पशु भटक रहे हैं।

## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पति ड्यूटी पर था, 8 माह का बेटा अकेला घर में रोता रहा



**सीहोर।** जिले के इछावर थाना क्षेत्र के बोरदी गांव में एक नवविवाहिता ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

मृतिका की पहचान विनिता नागर (30) पत्नी गोलू नागर के रूप में हुई है। उन्होंने अपने घर में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना के समय विनिता का आठ महीने का बेटा भी घर में मौजूद था और रोते हुए परिजनों को मिला।


#### पति ड्यूटी पर था, सास- ससुर खेत पर गए थे

बताया गया है कि मृतिका के पति गोलू विदिशा में अपनी ड्यूटी पर थे। वहीं, विनिता के सास-ससुर घटना के वक्त खेत पर काम कर रहे थे। महिला की मौत के मामले में इछावर थाना प्रभारी पंकज वाडेकर ने बताया कि महिला के शव का पोस्टमार्टम किया जा गया है, पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। आत्महत्या के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है।

इछावर पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस मामले में मृतिका के मायके पक्ष ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि ससुराल पक्ष ने उन्हें पहले करंट लगने, फिर साइलेंट अटैक आने और बाद में फांसी लगाने की बात कही। मायके पक्ष का यह भी आरोप है कि ससुराल वालों ने फांसी का फंदा काटकर शव को दूसरे कमरे में रख दिया और पुलिस को भी समय पर सूचना नहीं दी।

### कुबेरेश्वरधाम पर आज कथावाचक पंडित देवकीनंदन ठाकुर होंगे रुद्राक्ष महोत्सव में शामिल

# मेहनत का फल, मुसीबतों का हल और आने वाला कल सब महादेव के हाथ में हैः पंडित प्रदीप मिश्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मेहनत का फल, मुसीबतों का हल और आने वाला कल सब महादेव के हाथ में है। निस्वार्थ भाव से कर्म करना चाहिए और फल के लिए ईश्वर पर भरोसा रखना चाहिए, क्योंकि वे ही सब कुछ नियंत्रित करते हैं। महादेव पर विश्वास रखना हमें हर मुश्किल से बाहर निकालता है। सच्ची मेहनत से ही जीवन में सफलता मिलती है, जिसे भगवान सही समय पर देते हैं। जब सब कुछ शिव के हाथ में है, तो व्यर्थ की चिंता न करें और महादेव के नाम का स्मरण करें। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वधाम पर जारी सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव के अंतर्गत भव्य शिव महापुराण के पांचवे दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा, कथा वाचक राघव मिश्रा, पंडित शिवम मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला और पंडित विनय मिश्रा आदि ने सुबह धाम पर रुद्राक्ष निर्मित शिव लिंग का विशेष अभिषेक किया।

**श्रद्धालु उन्नति, प्रगति और कुबेर का आर्शीवाद लेने वाले ही कुबेरेश्वरधाम पर आते :** पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि सच्चा इंसान वही है जो किसी और के दर्द और तकलीफ को समझे, तस्वीर और तकलीफ में अंतर है। तस्वीर में साथ खड़े होने वाले तकलीफ में साथ नहीं खड़े होते है। दर्द, विपत्ति और तकलीफ में तो भगवान शिव ही आपके साथ खड़ा होगा। शिव का द्वार ही ऐसा ही जहां आपकी तकलीफ का समाधान होगा। इसलिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु उन्नति, प्रगति और कुबेर का आर्शीवाद लेने वाले ही कुबेरेश्वरधाम पर आते है।

**रुद्राक्ष रिसर्च सेंटर बनेगा सेवा और वैज्ञानिक शोध का वैश्विक केंद्र, विश्वास ही साक्षात शिव हैः** पंडित प्रदीप मिश्रासीहोर की पावन धरा पर जारी 'शिवमहापुराण कथा के पांचवें दिन रुद्राक्ष रिसर्च सेंटर की भविष्यगामी योजनाओं और आध्यात्मिक चेतना पर विस्तृत चर्चा हुई। महोत्सव में लाखों की संख्या में उमड़े जनसैलाब के बीच धर्म, विज्ञान और सामाजिक संस्कारों का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला।

#### करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है कुबेरेश्वरधाम

समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि गुरुवार को सुबह फूलेरा दूज के मौके पर पांच क्विंटल फूलों से विशेष श्रृंगार किया जाएगा, इसके अलावा धतुरा अर्पित किया जाएगा और हल्दी चढ़ाई जाएगी। वहीं कथा के दौरान कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर शामिल होंगे। वहीं 20 फरवरी को कथा का समय सुबह आठ बजे से 11 बजे तक रहेगा। उन्होंने बताया कि 12 ज्योर्तिलिंग के मध्य में बने 75 एकड़ के भव्य कुबेरेश्वधाम में पांच दिन से चल रही शिव महापुराण कथा में भक्ति का समुंद्र लहरा रहा है। कितने ही ऐसे परिवार रोज पहुंच रहे हैं, जिनके शिव की भक्ति करने बाद जीवन में बड़े बदलाव आए हैं। वे चि_ी के जरिए अपने दुखों को हरे जाने की कहानी बताते हैं। कैसे एक लोटा जल शिवजी को चढ़ाया और उनकी दुनिया ही बदल गई। ऐसे श्रद्धालुओं को पं. प्रदीप मिश्रा मंच पर बुलाकर उनको बेल पत्र भी देते हैं।

### कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरु के. ने माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षाओं के अंतर्गत सीहोर स्थित उत्कृष्ट विद्यालय तथा एमएलबी स्कूल परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा परीक्षा संचालन से जुड़ी गतिविधियों को प्रत्यक्ष रूप से देखा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि परीक्षार्थियों के लिए बैठने की उपयुक्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही परीक्षा केंद्रों में विद्युत आपूर्ति, पंखों के संचालन एवं शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहे। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों में अनुकूल एवं शांत वातावरण बनाए रखा जाए, जिससे परीक्षार्थी बिना किसी व्यवधान के परीक्षा दे सकें। कलेक्टर बालागुरु के. ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन अथवा अन्य प्रतिबंधित सामग्री न लाएं। उन्होंने अवांछित गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाने एवं किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी सहित सभी विकासखंड स्तरीय अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे नियमित परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करें । इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि बोर्ड परीक्षाओं का संचालन पूरी तरह से व्यवस्थित, पारदर्शी एवं नियमों के अनुरूप किया जाए, ताकि परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो सकें। इसके साथ ही उन्होंने सामान्य दिवसों में स्कूलों में लगे स्वर नेत्र परीक्षण चार्ट द्वारा स्कूल के सभी बच्चों के नेत्रों का परीक्षण भी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

SWAMI VIVEKANAND MAHAVIDHYALAYA, SEHORE
REQUIRED FOR MBA INSTITUTION
Recognized by AICTE & Affiliated to Barkatullah University, Bhopal (M.P.)

| | | |
|---|---|---|
| Department of Management (MBA) | Post Director / Principal- 01 | Qualification and Experience par AICTE & UGC Norm |
| | Professor – 02 | |
| | Associate Professor - 02 | |

Note – Salary as Per AICTE / State Govt. Norms.
Interested Candidate may Contact along with update CV and Testimonials with required documents within 7 days of published advertisement and also mail a scan copy on
Email – svmsehore7@gmail.com
Address Awadhpuri Colony, Sehore Contact - 9111027166

खबर संक्षेप

## कलेक्टर-एसपी का कुबेरेश्वर धाम दौरा




**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरु के. एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने संयुक्त रूप से कुबेरेश्वर धाम परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पेयजल, साफ-सफाई एवं विद्युत व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं एसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। भीड़ नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था, आपातकालीन सेवाओं की तत्परता तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि आयोजन अवधि में प्रशासनिक एवं पुलिस अमला सतत निगरानी रखेगा, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित वातावरण में दर्शन कर सकें। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर प्रेम सिंह गौंड़ तथा एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

### स्कूल के सामने सूने मकान को बनाया निशाना, टीगाली टप्पर में पशु चोरी, पुलिस बल की कमी पर उठे सवाल

# बेखौफ चोर: 65 लाख के गहने और रात में 10 बकरे भी चोरी, सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

ग्राम नंदगांव निवासी देवी सिंह भाटी सुबह करीब 10 बजे अपने परिवार के साथ सिवनी मालवा क्षेत्र में रिश्तेदारी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। घर सूना पाकर बदमाशों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ा और भीतर घुस गए।





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

तहसील क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक वारदातों ने ग्रामीण अंचल की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। ग्राम नंदगांव में मंगलवार को दिनदहाड़े हुई बड़ी चोरी की घटना ने लोगों को झकझोर दिया। शासकीय स्कूल के ठीक सामने स्थित एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात बदमाश लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी ले उड़े। चौंकाने वाली बात यह है कि वारदात सुबह से दोपहर के बीच उस समय हुई, जब परिवार मांगलिक कार्यक्रम में गया हुआ था और घर का बेटा परीक्षा देने बाहर था।

जानकारी के अनुसार ग्राम नंदगांव निवासी देवी सिंह भाटी सुबह करीब 10 बजे अपने परिवार के साथ सिवनी मालवा क्षेत्र में रिश्तेदारी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। घर सूना पाकर बदमाशों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ा और भीतर घुस गए।

अलमारी व बक्सों के ताले तोड़कर करीब एक किलो चांदी, 35 से 40 तोला सोना तथा लगभग 35 हजार रुपए नकद चोरी कर लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पीछे के दरवाजे से फरार हो गए। दोपहर करीब एक बजे परीक्षा देकर घर लौटा बेटा जब दरवाजा खोलने लगा तो चाबी नहीं लगी। संदेह होने पर उसने तुरंत पिता को सूचना दी। परिवार के लौटने पर घर का नजारा देख सभी के होश उड़ गए। कमरों में सामान बिखरा पड़ा था और कीमती आभूषण व नकदी गायब थे। परिजनों ने चोरी गए माल की कीमत करीब 65 लाख रुपए आंकी है, हालांकि पुलिस ने अभी आधिकारिक रूप से नुकसान का आकलन सार्वजनिक नहीं किया है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी रोशन कुमार जैन पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। बुधवार को एफएसएल टीम ने भी पहुंचकर विभिन्न एंगल से जांच करते हुए साक्ष्य जुटाए। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि संदिग्धों की पहचान के प्रयास जारी हैं।

#### रात में 10 बकरे-बकरियां भी चोरी

इधर, क्षेत्र में चोरी की दूसरी बड़ी वारदात टीगाली टप्पर में सामने आई है। 80 वर्षीय राधेश्याम पिता भाईलाल केवट के घर से 8 फरवरी की रात 10 बकरे-बकरियां चोरी कर ली गईं। बताया जा रहा है कि रात करीब 12 से 2 बजे के बीच अज्ञात चोर घर में बंधे 22 पशुओं में से 10 को खोलकर ले गए। परिवार घर में सोता रहा और उन्हें घटना की भनक तक नहीं लगी। चोरी गए पशुओं की कीमत लगभग 2.50 लाख रुपए बताई जा रही है। परिजनों ने भैरूंदा थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

#### पुलिस बल की कमी पर उठे सवाल

एक ही सप्ताह में दो बड़ी वारदातों ने पुलिस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय व ग्रामीणों का कहना है कि थाना क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल नहीं होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं। बताया जा रहा है कि थाना प्रभारी घनश्याम दांगी सहित कई पुलिसकर्मियों की ड्यूटी इन दिनों सीहोर के कुंवरेश्वर धाम में लगी हुई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में निगरानी कमजोर पड़ गई है। रात्रि गश्त भी नाममात्र की रह गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि क्षेत्र में स्थायी पुलिस बल की तैनाती की जाए, रात्रि गश्त बढ़ाई जाए और संदिग्ध तत्वों की सघन जांच हो। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आपराधिक घटनाएं और बढ़ सकती हैं।

एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने बताया कि पुलिस विभिन्न एंगल से जांच कर रही है और साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। जल्द ही आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिलेगी। फिलहाल दोनों मामलों में पुलिस जांच जारी है, लेकिन चोर अब भी पकड़ से बाहर हैं। क्षेत्रवासियों की निगाहें अब पुलिस की कार्रवाई पर टिकी हैं कि आखिर इन वारदातों का खुलासा कब तक हो पाता है।

## हज मुसाफिरों का हुआ मेडिकल स्क्रीनिंग व वैक्सीनेशन

### वतन की हिफाजत के लिए जिले के 176 नागरिक करेंगे दुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला हज कमेटी के द्वारा बुधवार को दीवान बाग कस्बा स्थित मैरिज गार्डन में हज मुसाफिरो के लिए कैंप का आयोजन किया गया। ऑल इंडिया हज कमेटी के निर्देश पर मध्य प्रदेश हज कमेटी अध्यक्ष के दिशा निर्देशन में जिला हज कमेटी के द्वारा चयनित 176 हजरात को हज सफर के लिए चयनित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर और नर्स के द्वारा चयनित हज यात्रा पर मक्का मदीना जाने वाले मुसाफिरो का मेडिकल स्क्रीनिंग और वैक्सीनेशन किया गया। पार्षद प्रतिनिधि इरशाद पहलवान और युवा भाजपा नेता मजहर मज्जू खान के द्वारा हज पर जाने वाले मुसाफिरों को फूल मालाए पहना कर मुबारकबाद दी गई। कैंप के दौरान हज मुसाफिरों को मास्टर ट्रेनर हाजी मुजीब के द्वारा हज सफर को लेकर जरूरी जानकारियां दी गई।

जिला हज कमेटी अध्यक्ष अखलाक खान, युवा भाजपा नेता मजहर मज्जू खान, इरशाद पहलवान सहित अन्य लोगों के द्वारा तमाम हाजियों का इस्तकबाल किया गया। कार्यक्रम के दौरान मजहर मज्जू खान ने बताया कि पूरे जिले से 176 हजरात के नाम इस वर्ष हज यात्रा के लिए चयनित किए गए हैं। अधिकांश हज की यात्रा बुजुर्ग लोग अपनी अहिल्या पत्नी के साथ करने जा रहे हैं।

पार्षद प्रतिनिधि इरशाद पहलवान ने बताया कि पाक हज सफर पर जाने वाले सभी लोगों में खुशी का माहौल है जिला हज कमेटी के द्वारा कैंप में खाना चाय पानी नाश्ता की व्यवस्था की गई है। हज सफर से संबंधित सभी सरकारी दस्तावेज तैयार किया जा रहे हैं। समाज सेवी मजहर मज्जू खान ने बताया कि हज कमिटी आफ इंडिया और मध्य प्रदेश हज कमिटी भोपाल के द्वारा हाजी यात्रियों का पूरा सहयोग किया जा रहा है। पाक हज सफर पर मक्का मदीना जा रहे बुजुर्गों ने कहा कि दिने इस्लाम का यहां मुकद्दस सफर है नसीब वालों को ही यहां मौका मिलता है। मक्का मदीना पहुंच कर अपने मुल्क हिंदुस्तान के अमन चैन उन्नति तरक्की की दुआ करेंगे। जल्द ही मुसाफिर भोपाल के लिए रवाना होंगे फिर यहां से मुंबई जाएंगे और फ्लाइट के माध्यम से मक्का मदीना के लिए रवाना होंगे।

#### पेंशनधारियों को फर्जी कॉल से बचने की सलाह

**सीहोर।** साइबर अपराधियों द्वारा पेंशनधारियों को जीवन प्रमाण-पत्र को ऑनलाइन अपडेट करने के संबंध में की जाने वाली फर्जी कॉल से बचाव की सलाह दी है। पेंशनधारक का पूरा डाटा, नियुक्ति दिनांक, पीपीओ नम्बर, आधार नम्बर, सेवानिवृत्ति तिथि जैसी सभी जानकारी उपलब्ध होने के कारण पेंशनधारकों को ऑनलाइन अपडेशन के संबंध में भरोसा दिया जाता है। वर्तमान में साइबर अपराधियों द्वारा पेंशन निदेशालय का हवाला देकर पेंशनरों को पूरा डाटा बताकर जीवन प्रमाण-पत्र अपडेट करने के लिए ओटीपी साझा करने की बात प्रकाश में आई है । पेंशनर द्वारा गलती से ओटीपी साझा करने पर अपराधी को बैंक खाते का डायरेक्ट एक्सेस कन्ट्रोल मिल जाता है और पेंशनर के खाते की राशि फर्जी खाते में स्थानांतरित कर दी जाती है। उन्होंने कहा है कि पेंशनरों को जागरूक रह कर हमेशा सावधानी बरतने की जरूरत है। पेंशन निदेशालय द्वारा कभी भी किसी पेंशनर का जीवन प्रमाण-पत्र ऑनलाइन अपडेट करने के लिए कॉल नहीं किया जाता है और न ही ऑनलाइन जीवन प्रमाण-पत्र अपडेट किया जाता है।

## जनरल ड्यूटी असिस्टेंट प्रशिक्षण शिविर का समापन



**भैरूंदा।** स्थानीय शासकीय महाविद्यालय भैरूंदा में युवाओं के कौशल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल का सफल समापन हुआ। महाविद्यालय में प्रथम फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित 25 दिवसीय जनरल ड्यूटी असिस्टेंट प्रशिक्षण शिविर का गरिमामय समापन समारोह आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में दक्ष बनाकर रोजगार के अवसरों से जोड़ना था।

पिछले 25 दिनों से संचालित इस सघन प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागी विद्यार्थियों को स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी बुनियादी जानकारी, मरीजों की देखभाल, प्राथमिक उपचार, अस्पताल की कार्यप्रणाली, स्वच्छता प्रबंधन और व्यवहारिक कौशल जैसे महत्वपूर्ण विषयों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने सिद्धांत के साथ-साथ व्यावहारिक अभ्यास पर विशेष जोर दिया, जिससे विद्यार्थियों को वास्तविक कार्यस्थल का अनुभव मिल सके।

समापन समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य एस.एस. मीना ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में स्वास्थ्य क्षेत्र तेजी से विस्तार कर रहा है और प्रशिक्षित जनरल ड्यूटी असिस्टेंट्स की मांग निरंतर बढ़ रही है। उन्होंने कहा, “कौशल ही आज के युग की सबसे बड़ी शक्ति है। प्रथम फाउंडेशन के साथ मिलकर हमारा यह प्रयास रहा है कि छात्र केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि व्यावहारिक कौशल में भी निपुण बनें। यही कौशल उन्हें आत्मनिर्भर बनाएगा।”

कार्यक्रम के अंत में सभी सफल प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

प्रमाण पत्र प्राप्त करते समय विद्यार्थियों के चेहरे पर आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। कई विद्यार्थियों ने साझा किया कि इस 25 दिवसीय प्रशिक्षण ने न केवल उनके कौशल को निखारा, बल्कि उन्हें सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति भी जागरूक किया है। उन्होंने भविष्य में अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों में सेवाएं देने की इच्छा व्यक्त की।

समारोह में महाविद्यालयीन स्टाफ, विद्यार्थियों के अभिभावक तथा स्थानीय गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी अक्षय पंवार एवं एनएसएस प्रभारी डॉ. सुजीता गौड़ ने ‘प्रथम फाउंडेशन’ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## बजट की सौगात से झूमे किसान, ढोल-नगाड़ों संग डांडिया कर मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री को कहा धन्यवाद



**सीहोर।** मध्य प्रदेश विधानसभा में किसानों के लिए घोषित बजट ने पूरे ग्रामीण समाज में उत्साह और उम्मीद की नई रोशनी भर दी है। दूध डेयरी पर सब्सिडी, किसानों को बिना ब्याज ऋण, पशुपालन को प्रोत्साहन और सम्मान निधि जैसी घोषणाओं से प्रभावित होकर ग्राम चंदेरी, रामाखेड़ी, बिलकिसगंज, भोजनगर, खामलिया, लसूडिया सहित दर्जनों गांवों के किसानों ने एकजुट होकर अनोखे तरीके से सरकार का धन्यवाद किया।

किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में गांव-गांव में चौपाल लगाई गई, जहां किसानों ने ढोल, मजीरा और पेटी की धुन पर डांडिया नाच कर खुशी जाहिर की। यह दृश्य किसी त्योहार से कम नहीं था। बुजुर्गों से लेकर युवा किसानों तक, सभी के चेहरों पर संतोष और भरोसे की चमक साफ दिखाई दे रही थी।

किसानों का कहना था कि यह बजट सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि जमीन से जुड़े हर किसान के जीवन में वास्तविक बदलाव लाने वाला है। बिना ब्याज के लाखों रुपए तक का ऋण मिलने से अब किसान साहूकारों के चंगुल से मुक्त होकर आत्मनिर्भर बन सकेंगे। वहीं दूध डेयरी, गाय-भैंस पालन पर मिलने वाली अधिक सब्सिडी से पशुपालन को नई गति मिलेगी, जिससे ग्रामीण आय में सीधा इजाफा होगा।

एमएस मेवाड़ा ने कहा कि यह बजट किसानों के सम्मान और स्वाभिमान को मजबूत करने वाला है। उन्होंने बताया कि सम्मान निधि लगातार मिलती रहेगी और सरकार की नीतियां किसानों को सिर्फ मदद नहीं, बल्कि सशक्त बनाने की दिशा में हैं। चौपाल में किसानों ने सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मध्य प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा का आभार व्यक्त किया। किसानों ने कहा कि वर्षों बाद ऐसा बजट आया है जिसमें किसान खुद को उपेक्षित नहीं, बल्कि देश की रीढ़ समझ रहा है।

ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच जब किसानों ने एक सुर में धन्यवाद सरकार कहा, तो यह सिर्फ शब्द नहीं, बल्कि उस भरोसे की आवाज थी, जो अब खेती को बोझ नहीं, बल्कि सम्मान का साधन मानने लगी है। यह बजट किसानों के लिए नई सुबह का संकेत बनकर उभरा है। इस मौके पर किसान राधेश्याम प्रजापति, भगवान सिंह मीणा, कालूराम मीणा, राजा, लक्ष्मी नारायण, रमेश चंद्र, पंडित नारायण सिंह, मोतीलाल मेवाड़ा, मुंशीलाल मेवाड़ा सहित अनेकों किसान शामिल हैं।

**बीजों के विक्रेता को लायसेंस लेना अनिवार्यः** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। जिसकी जवाबदेही निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

## बहुजन समाज पार्टी का अहमदपुर में बड़ा आयोजन हजारों कार्यकर्ता हुए कार्यक्रम में शामिल




**सीहोर।** सीहोर विधानसभा बहुजन समाज पार्टी द्वारा संत शिरोमणि रविदास पखवाड़ा जयंती के रूप में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सी एस बौद्ध प्रदेश प्रभारी बहुजन समाज पार्टी एवं विशेष्य तिथि एडवोकेट कमलेश कुमार (संघप्रिय) जॉन प्रभारी एवं डॉ. राजेश सूर्यवंशी जीवन प्रभारी सागर रहे। बसपा कार्यकर्ताओं ने पहले अहमदपुर में चल समारोह का आयोजन किया। इसके पश्चात अहमदपुर मंडी प्रांगण में आमसभा का आयोजन किया गया सभा को संबोधित सभी अतिथियों द्वारा किया गया। इस मौके पर एडवोकेट कमलेश कुमार ने कहा हमें रविदास के बताएं मार्ग पर चलना है। सतगुरु रविदास की जो वाणी है की जात-जात में जाते जैसे केलन के पात और जब तक मनुष्य में जुड़ सके जब तक जात न जात तुम्हें आज से अपने नाम के साथ दोहरे नहीं लिखूंगा, अब मेरी पहचान केवल एडवोकेट कमलेश कुमार के रूप में रहेगी। सभी कार्यकर्ताओं से अपील है कि हमें जाति बात को खत्म कर मानवतावाद की स्थापना करना है, यही सतगुरु रविदास जी चाहते थे। हमें बसपा के सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के नारे को चरितार्थ करना है इस मौके पर नरसिंह भारतीय, जिला महासचिव बसपा सीहोर, अनोखी लाल मालवीय जिला प्रभारी एमपी सागर जिला प्रभारी बसपा जिला अध्यक्ष संजीव बौद्ध डीबी बड़ोदिया धनराज सिंह थरेले लक्ष्मी बाई दोहरे अरमान सिंह गुर्जर, लक्ष्मी नारायण अहिरवार विधानसभा प्रभारी सीहोर, देव प्रकाश वर्मा विधानसभा प्रभारी सीहोर, बंटी जाटव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का आभार विधानसभा अध्यक्ष धीरब अहिरवार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वीरेंद्र सिंह, लखन, विक्रम गुर्जर, बृजेश गौर, बारेलाल चौहान, विकास चौहान, प्रदीप बनखेड़ा, महेश अहिरवार, रवि भारती राज ,राजा आदि उपस्थित रहे।

### कम्प्यूटर दीदी कार्यक्रम से गांवों में खुलेगा डिजिटल सशक्तिकरण का नया अध्याय

# 11 पंचायतों की महिलाओं को 44 लैपटॉप वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा




ग्रामीण अंचलों में डिजिटल सेवाओं के विस्तार और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत भैरूंदा ब्लॉक में “कम्प्यूटर दीदी” कार्यक्रम के अंतर्गत 11 ग्राम पंचायतों की महिलाओं और युवतियों को कुल 44 लैपटॉप निशुल्क वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवा केंद्र स्थापित कर सरकारी योजनाओं और ऑनलाइन सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाना है।

यह कार्यक्रम ग्रामीण विकास मंत्रालय के सहयोग से संचालित हो रहे मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत क्रियान्वित किया जा रहा है। इसमें यूनिसेफ एवं बी एवल फाउंडेशन की सहभागिता भी है। परियोजना के तहत भैरूंदा ब्लॉक की 20 ग्राम पंचायतों में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं का चयन कर “कम्प्यूटर दीदी सेंटर” स्थापित किए जा रहे हैं।

**गांवों में ही मिलेंगी डिजिटल सेवाएं :** लैपटॉप प्राप्त करने वाली महिलाओं में वैजन्ती कुशवाहा, अनिसा कंगाली, भारती मीना, पूजा जाटव, ज्ञानू कुशवाहा, साक्षी साहू, किरन, शिवानी, चंदा धुर्वे, रबीना और स्वाति मीना शामिल हैं। इन महिलाओं को डिजिटल सेवाओं का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि वे अपने गांव में ई-शासन से जुड़ी सेवाएं, दस्तावेज़ प्रिंटिंग, ऑनलाइन आवेदन, आधार-सम्बंधित सेवाएं, पेंशन, छात्रवृत्ति और अन्य शासकीय योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करा सकें।इस पहल से ग्रामीणों को छोटी-छोटी ऑनलाइन सेवाओं के लिए शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। वहीं महिलाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगी।

**महिला सशक्तिकरण की दिशा में मजबूत कदम :**कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत के सीईओ संजय अग्रवाल ने कहा कि “कम्प्यूटर दीदी” कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अभिनव और प्रभावी प्रयास है। उन्होंने चयनित महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे इस अवसर का सदुपयोग कर अपने गांव की अन्य महिलाओं और युवाओं को भी डिजिटल रूप से जागरूक करें। मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के ब्लॉक मैनेजर नरेंद्र यादव ने कहा कि डिजिटल शिवशक्तिकरण की यह पहल ग्रामीण समाज को नई दिशा देने वाली है। इससे न केवल महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि गांवों में डिजिटल साक्षरता का स्तर भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह मॉडल अन्य पंचायतों में भी विस्तार पाएगा।

#### आत्मनिर्भर गांव की ओर बढ़ते कदम

कार्यक्रम में आजीविका संकुल अधिकारी एवं बी एवल फाउंडेशन की टीम सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। ग्रामीणों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए इसे गांवों के विकास के लिए मील का पत्थर बताया। स्पष्ट है कि “कम्प्यूटर दीदी” कार्यक्रम केवल लैपटॉप वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को डिजिटल आधार देने की दिशा में एक सशक्त प्रयास है। यदि यह पहल सतत रूप से संचालित होती रही, तो भैरूंदा ब्लॉक के गांव डिजिटल सेवाओं के मामले में आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

### जामोन्या जौहर के ग्रामीणों ने राजगढ़ पहुंच कलेक्टर-एसपी से लगाई गुहार

# साहब, हमारे गांव में इंदौर-भोपाल से बुलवाई जा रही हैं कॉलगर्ल्स

### गश्त बढ़ाने के साथ ही गांव में अस्थाई पुलिस चौकी बनवाने की मांग




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के नरसिंहगढ़ क्षेत्र के जामोन्या जौहर गांव में एक विशेष समाज की महिलाओं द्वारा अनेकों वर्षों से वैश्यावृत्ति की जा रही है। लेकिन, अब गांव में इंदौर, भोपाल जैसे शहरों से कॉलगर्ल्स बुलवाकर यह धंधा शुरू करवा दिया गया है। नरसिंहगढ़ एसडीएम सहित कुरावर पुलिस को कई बार अवगत कराने, ज्ञापन सौंपने के बाद भी जब समस्या का यथोचित हल नहीं निकला तो जामोन्या जौहर के सैकड़ों ग्रामीण मंगलवार को कलेक्टर, एसपी से गुहार लगाने पहुंचे। करीब एक सैकड़ा से अधिक संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने कुरावर पुलिस पर भी इस अवैध धंधे से जुड़े लोगों से सांठगांठ के आरोप लगाए। ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि बाहर से आने वाली कॉलगर्ल्स ने अब सड़क पर बैठकर धंधा करना शुरू कर दिया है। उनके गांव के आसपास इस अवैध गतिविधि के संचालन से बच्चों के मन, मस्तिष्क पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

#### स्कूली छात्राओं से की जाती है छेड़छाड़

पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे अनेकों ग्रामीणों ने एडिशनल एसपी केएल बंजारे को लिखित शिकायती पत्र सौंपा। पत्र में उल्लेख किया गया कि गांव में उक्त अवैध धंधा पनपने से अनेकों लोग नशे की हालत में गांव में घुस जाते हैं। ऐसे दुष्चरित्र लोगों द्वारा न केवल स्थानीय लोगों, महिलाओं, बच्चों से अशोभनीय व्यवहार किया जाता है बल्कि स्कूल जा रही छात्राओं से छेड़छाड़ की जाती है।

#### हाट-बाजार, बुधवार, रविवार को अनेकों लोगों का जमावड़ा

अधिकारियों को सौंपे गए पत्र में ग्रामीणों ने उल्लेख किया कि बाहरी कॉलगर्ल्स को गांव में वैश्यावृत्ति करने से रोकने पर उनके द्वारा गाली-गलौच करते हुए धमकियां दी जाती हैं कि हम तुम्हें झूठे केस में फंसवा देंगे। हमारी पहुंच ऊपर तक है और पुलिस भी हमारा कुछ नहीं कर सकती।

#### थाने में दिया आवेदन पर कोई निराकरण नहीं

ग्रामीणों ने बताया कि वे स्थानीय पुलिस को कई बार उक्त अवैध गतिविधि को बंद करवाने के संबंध में आवेदन सौंप चुके हैं लेकिन खुलेआम चल रहे धंधे पर लगाम नहीं लग पाई है। ज्ञापन में आगे उल्लेख है कि अगर शासन, प्रशासन ने जामोन्या जौहर क्षेत्र में चली वैश्यावृत्ति पर रोक नहीं लगवाई तो ग्रामीणों को कानून अपने हाथ में लेने पर मजबूर होना पड़ेगा। ग्रामीणों ने अधिकारियों से गांव क्षेत्र में दिन और रात्रि में गश्त बढ़वाने के साथ ही गांव में अस्थाई पुलिस चैकी बनवाने की मांग भी की है।

### नायब तहसीलदार के प्रतिवेदन पर पुलिस की कार्रवाई

# गौवंश की मौत पर चक्काजाम, 12 लोगों पर दर्ज की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर से निकले बाइपास पर मंगलवार सुबह स्थानीय मिडवे होटल के सामने मृत गौवंश रखकर कुछ गौ-सेवकों सहित अन्य द्वारा हाईवे पर चक्काजाम किया गया था। चक्काजाम के चलते राजमार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। बाद में स्थानीय प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर चक्काजाम खत्म करवाया। हाईवे पर किए गए इस चक्काजाम से यात्रियों, वाहनों चालकों को हुई असुविधा के मद्धेनजर कोतवाली पुलिस ने नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्टेट मनोहर कुल्हारे के प्रतिवेदन पर जाम लगाने वाले 12 लोगों पर राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम सहित बीएनएस की अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

#### इन 12 पर दर्ज की गई एफआईआर

पुलिस ने बताया कि मामले में जिन 12 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है उनमें नयन विजयवर्गीय, दीपू पंडा, आकाश मेवाड़े, लक्ष्य तंवर, शिवनंदन गुर्जर, संजय वर्मा, पुल्कित पिपलोटिया, पंकज वर्मा, सावन पुष्पद, रोहित शर्मा, राहुल साहू एवं कुलदीप गुर्जर शामिल हैं।

#### एफआईआर से गौसेवकों में आक्रोष

गौसेवकों द्वारा पर दर्ज हुए इस मुकदमे की न केवल गौ-सेवकों बल्कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी कई लोगों द्वारा निंदा की जा रही है। हालांकि, प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि विरोध जाहिर करने के अन्य तरीके भी हैं लेकिन संबंधित अभियुक्तों ने कानून के प्रतिकूल जाकर हाईवे पर चक्काजाम लगाया था।

# रात को घर में गूंजा आशीर्वाद समारोह का उल्लास, सुबह कुएं से मिली पिता की लाश

### गांव में शोक की लहर, पुलिस की कार्रवाई जारी



**सारंगपुर** । घर में रातभर खुशियों का माहौल था। छोटे बेटे का आशीर्वाद समारोह पूरे उल्लास और परिजनों की मौजूदगी में संपन्न हुआ। किसी ने नहीं सोचा था कि वही घर सुबह मातम में डूब जाएगा। सुबह खेत पर पानी फेरने निकले कन्हैयालाल पिता प्यारेलाल, निवासी लोटिया थाना लीमचौहान देर तक घर वापस नहीं लौटे।

काफी इंतजार के बाद परिजनों को चिंता हुई और वे तलाश में खेत पहुंचे। खेत पर स्थित कुएं के पास कन्हैयालाल की चप्पल पड़ी मिली, जिससे अनहोनी की आशंका गहराने लगी। परिजनों ने आसपास तलाश की तो कन्हैयालाल कुएं में गिरे मिले। तत्काल ग्रामीणों की मदद से उन्हें कुएं से बाहर निकाला गया और डायल 112 की सहायता से सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जिस घर में कुछ घंटे पहले मंगलगीत और खुशियों की गूंज थी, वहां अब चीख-पुकार और मातम पसरा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया मामला कुएं में गिरने से मौत का बताया जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होंगे।

# घूमन्तु गौरव कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



घूमन्तू, अर्ध घूमन्तू समाज में सामाजिक परिचय आत्म गौरव, संगठन भाव एवं युवा शक्ति जागरण के उद्देश्य को लेकर पब्लिक स्पोस्ट क्लब ब्यावरा 16 से 26 फरवरी किया जा रहा है जिसमे 22 टीम भाग ले रही हैं। टूर्नामेंट के उद्धघाटन के अवसर पर अतिथि के रूप हेमंत सेठिया प्रान्त कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, रजनी प्रकाश अतिरिक्त जिला न्यायाधीश ब्यावरा, केएल बंजारा एडिशनल एसपी, लखन विश्वकर्मा, संजय सक्सेना प्रेमलता, जितेन्द्र झंझोरिया, दोजीराम अहिरवार, वीरेंद्र धाकड़ जप ब्यावरा, आयोजनकर्ता आकाश झंझोरिया, अमित झंझोरिया, श्याम सुन्दर , जुगनू, संजेश गुदेन, सुनील नैनावत, मोनू, दीपक, दिलराज छाड़ी, सोनू, सागर, दीपक एवं समस्त विमुक्त, घूमन्तू, अर्ध घूमन्तू समाज।

# बच्चा चोरी की आशंका पर पांच महिलाएं पुलिस के हवाले, पूछताछ के बाद छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के वार्ड क्रमांक 4 बड़ी होली, गोलावाड़ी तथा चांदबावड़ी क्षेत्र में मंगलवार को बच्चा चोरी की आशंका के चलते अलग-अलग मोहल्लों के लोगों ने पांच महिलाओं को पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार पहले मामले में चार महिलाएं भोपाल से एक ऑटो चालक के साथ नगर में इलेक्ट्रिक इंडक्शन सहित घरेलू उपयोग का सामान बेचने आई थीं। बताया जा रहा है कि महिलाएं वार्ड क्षेत्र में घर-घर जाकर सामान बेच रही थीं, तभी कुछ लोगों को उन पर संदेह हुआ और इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई।

वहीं दूसरी घटना में चांदबावड़ी क्षेत्र से जालौन निवासी एक महिला को भी संदेह के आधार पर पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया। हाल ही में बच्चा चोरी से जुड़ी अफवाहों के चलते क्षेत्र में पहले से ही सतर्कता का माहौल बना हुआ है।



सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिलाओं को ऑटो सहित थाने ले जाकर पूछताछ की। जांच के दौरान सामने आया कि चार महिलाएं वास्तव में भोपाल निवासी हैं और नगर में केवल घरेलू सामान बेचने के उद्देश्य से आई थीं। किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि या संदिग्ध तथ्य सामने नहीं आने पर पुलिस ने आवश्यक पूछताछ के बाद सभी महिलाओं को छोड़ दिया। उल्लेखनीय है कि देशभर में इन दिनों बच्चा चोरी की घटनाओं को लेकर तरह-तरह की अफवाहें सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से तेजी से फैल रही हैं। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध जानकारी की पुष्टि किए बिना अफवाहों पर विश्वास न करें तथा ऐसी स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें, जिससे कानून व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

**इनका कहना है...**

रहवासियों की शंका पर महिलाओं से पूछताछ कर छोड़ दिया। वैसे अभी तक सारंगपुर क्षेत्र में बच्चा चोरी की घटना नहीं हुई है।

आकांक्षा हाड़ा, थाना प्रभारी सारंगपुर

# रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर किया सम्मानित




**जीरापुर**। नगर के तिरंगा मित्र मंडल को रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिला स्वास्थ्य विभाग राजगढ़ एवं ब्लड बैंक द्वारा डोनर मोटिवेशन प्रोग्राम एंड कार्यशाला आयोजित कर सम्मानित किया गया। राजगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश ब्लड बैंक उपसंचालक भोपाल डॉ राहुल भदोरिया, सिविल सर्जन शर्मा , डॉक्टर पी के जैन, डॉक्टर भदोरिया की मुख्य उपस्थित में ब्लड डोनेशन के कार्य में लगे हुए सभी संगठनों के सदस्यों का सम्मान किया गया। इसी कड़ी में तिरंगा मित्र मंडल के सदस्यों को भी नगर में रक्तदान शिविर आयोजन एवं जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध करवाने के लिए सम्मानित किया गया। जिला ब्लड बैंक द्वारा किए गए तिरंगा मित्र मण्डल के सम्मान पर आभार माना गया। तथा सदस्यों ने कहा कि परोपकारी कार्य करते रहना चाहिए ताकि जरूरतमंद को उसका लाभ मिल सके।

# जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए जनपद स्तरीय टीमों का किया चयन



**जीरापुर**। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग शासन के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजगढ़ के मार्गदर्शन में नवाचार अंतर्गत पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन एवं प्रतियोगिता का संयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजगढ़ द्वारा किया जा रहा है। प्रतियोगिता के अंतर्गत बालक वर्ग में कबड्डी एवं बालिका वर्ग में खो-खो खेल का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद स्तर से चयनित टीमों ने भाग लिया। जनपद क्षेत्र की 7 पंचायतों के खिलाड़ियों ने सहभागिता की। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को क्रमशः 21000 रूपये 11000 रूपये तथा5000 रूपये की नगद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ संभागीय खेल अधिकारी, विकासखंड समन्वयक आरती मुजाल्दे क्रीड़ा शिक्षक अरविंद बंसल, ईश्वर सिंह पवांर, सोनू राठौर, मोहित परिहार, निहाल भावसार एवं अनेकों खिलाड़ी उपस्थित रहे। भारत की पारंपरिक खेल विधाएँ हमारी सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इन खेलों के माध्यम से खिलाड़ियों में शारीरिक क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का विकास होता है। जनपद स्तर से प्रतिभाओं को आगे बढ़ाकर जिला एवं राज्य स्तर तक मंच प्रदान करना विभाग की प्राथमिकता है।

# शिव-पार्वती विवाह पर महिलाओं ने नृत्य किया

**जीरापुर**। शिवरात्रि के अवसर पर अटल चौक में नौ दिवसीय शिवमहापुराण कथा का आयोजन सिद्धेश्वर महादेव शिव परिवार द्वारा आयोजित किया जा रहा। पंडित अनुराग कृष्ण जी महाराज के मुखारविंद से भगवान शिव के प्रसंग का वर्णन बताया कि जब पांडव वनवास जाने लगे तब वे सब सर्व प्रथम भगवान कृष्ण को प्रणाम करने पहुंचे भगवान कृष्ण ने पांचों पांडव से कहा कि तुम जहां भी रहो शिव की भक्ति करना बंद मत करना इतना सुन कृष्ण को प्रणाम कर पांचों पांडव निकल गए और पांचों पाण्डवों में से सिर्फ अर्जुन ने श्री कृष्ण की आज्ञा का पालन किया। अर्जुन रोज मिट्टी से शिव लिंग का निर्माण करते ओर उनका पूजन करते थे। उन्होंने कथा के माध्यम से भक्तों को बताया कि मन से श्रद्धा पूर्वक की गई भक्ति से देवाधिदेव महादेव भगवान प्रसन्न हो जाते हैं।जब आप ईश्वर को अपनी अंतरात्मा से प्रसन्नचित भाव से याद करते हैं तो भगवान स्वयं हमारी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। शिव पार्वती विवाह पर महिलाओं ने खूब नृत्य किया।

# घायल विद्यार्थी को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया



**राजगढ़**। कुछ दिनों पहले राजस्थान सीमा सरहद्दी पर हुए एक हादसे में दो युवकों की मृत्यु हो गई थी, वहीं तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हुआ था। उसी तीसरे छात्र हरिओम गुर्जर निवासी ग्राम फत्तूखेड़ी का मंगलवार को दसवीं बोर्ड अंग्रेजी विषय का प्रश्न-पत्र था। पैरों से चलने में असमर्थ परीक्षार्थी के माता-पिता भी राजी नहीं थे कि ऐसी स्थिति में उनका बच्चा परीक्षा देने जाए।

ऐसे में शिक्षकों भगवान सिंह गुर्जर, अनिल पिपलोटिया ने हरिओम के अभिभावकों को प्रेरित किया की परीक्षा न देने से उसका एक वर्ष खराब हो जाएगा। इसके उपरान्त दोनों शिक्षकगण चलने में असमर्थ परीक्षार्थी हरिओम को राजगढ़ मुख्यालय स्थित उत्कृष्ट विद्यालय के परीक्षा केंद्र लेकर पहुंचे। केंद्र पर पहुंचे हरिओम ने अंग्रेजी का पर्चा अच्छे से हल किया। आपको बतादें कि बोर्ड परीक्षाओं की कड़ी में कल मंगलवार को कक्षा दसवीं अंग्रेजी विषय का प्रश्न-पत्र था। परीक्षा के लिए कुल पंजीकृत 19 हजार 900 में से 19हजार 540 विद्यार्थी परीक्षा देने पहुंचे वहीं 360 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। अब तक हुई बोर्ड परीक्षाओं में जिले में नकल का एक भी प्रकरण किसी भी केंद्र से सामने नहीं आया है।

### राजयोग महादेव मंदिर समिति ने किया आयोजन

# नगर भंडारे में हजारों लोगों ने ग्रहण की प्रसादी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्थानीय अस्पताल रोड स्थित राजयोग महादेव मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि महोत्सव के तहत सोमवार को नगर भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर में पूजा-अर्चना, अभिषेक अनुष्ठान एवं आरती उपरान्त शुरू हुए भंडारे में देर रात्रि तक हजारों की संख्या में श्रृद्धालु महिला, पुरुष, बच्चों सहित हर आयुवर्ग के श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इस वृहद आयोजन के लिए मंदिर समिति द्वारा बीते कई दिनों से व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही थी। मंदिर की स्थापना के लगातार तीसरे वर्ष इस विशाल नगर भंडारे का आयोजन किया गया।

#### अब मनोहारी रूप ले चुकी है वाटिका

आपको बतादें कि कुछ वर्षों पूर्व तक अस्पताल रोड वाली वनवाटिका पूरी तरह उजाड़ पड़ी हुई थी। ऐसे में नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू सहित अन्य समाजसेवियों ने वाटिका को आकर्षक रूप दिया। बाद में ईश्वरीय इच्छा से वाटिका में भगवान भोलेनाथ को विराजित कर एक भव्य मंदिर का निर्माण संपूर्ण नगरवासियों व अन्य श्रृद्धालुओं के सहयोग से संपन्न करवाया गया। कभी निर्जन लगने वाला यह क्षेत्र अब न केवल राजगढ़ नगर के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शुमार हो चुका है।

# वैश्य समाज के रक्तदान शिविर में 41 यूनिट रक्त संग्रहित युवाओं ने दिखाया उत्साह



**कुरावर**। वैश्य समाज की युवा इकाई द्वारा सामाजिक दायित्व निभाते हुए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में 41 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए उपयोगी साबित होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ वैश्य महासम्मेलन के मध्य प्रदेश प्रदेश महामंत्री इंजीनियर बीके गुप्ता, न्यू कुरावर सिटी के डायरेक्टर गौरव सोनी, रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव संजय शेखर शर्मा सहित अन्य वरिष्ठजनों एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। शिविर के आयोजन में एसडीएम सुशील कुमार के निर्देशन में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा राजगढ़ का विशेष सहयोग रहा। रेडक्रॉस की टीम ने रक्त संग्रहण की व्यवस्था संभाली। दानदाताओं का पंजीयन, स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक जांच के बाद ही सुरक्षित रूप से रक्त एकत्रित किया गया।

### एक बच्चे को दवा पिलाकर कलेक्टर ने की अभियान की शुरुआत

# दस्तक अभियान: 1.75 लाख बच्चे गटकेंगे 'विटामिन-ए' की खुराक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में बच्चों के स्वास्थ्य संवर्धन और कुपोषण से मुक्ति की दिशा में मंगलवार से स्वास्थ्य विभाग द्वारा दस्तक अभियान शुरू किया गया है। जिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने कुछ नन्हे बच्चों को अपने हाथों से विटामिन-ए की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस महाअभियान के तहत जिले के करीब 1 लाख 75 हजार से अधिक बच्चों को स्वास्थ्य सुरक्षा के दायरे में लाने का लक्ष्य रखा गया है। डॉ. मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि यह अभियान केवल औपचारिकता न रहे बल्कि शत-प्रतिशत बच्चों तक इसका लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव और वार्ड में तैयार की गई ड्यू लिस्ट के अनुसार बच्चों का चिन्हांकन किया जाए।

#### 19 मार्च तक घर-घर पहुंचेंगे स्वास्थ्य कर्मी

सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल ने बताया कि 17 फरवरी से शुरु हुआ यह अभियान 19 मार्च तक चलेगा। विभाग ने इसके लिए पूरी तैयारी कर ली हैं एवं बच्चों के रिकॉर्ड का डिजिटाइजेशन भी पूरा कर लिया गया है। मैदानी अमले में तैनात आशा कार्यकर्ता, एएनएम और सीएचओ को प्रिंटेड सूचियां सौंपी गई हैं। डॉ. पटेल ने स्पष्ट किया कि यदि अभियान के दौरान बाहर से आए बच्चे भी मिलते हैं, तो उन्हें भी इसमें शामिल कर स्वास्थ्य लाभ दिया जाएगा।

खबर संक्षेप

## नगर में बेसिक बैंकिंग सेवा का शुभारंभ



**आष्टा।** शहर के ग्राहकों को बेहतर और पूर्ण बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में आष्टा में एक निजी बैंक की बेसिक बैंकिंग सेवा का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा, स्थानीय वार्ड पार्षद रवि शर्मा, पत्रकार कमल पांचाल ने फीता काटकर एक निजी बैंक की बेसिक बैंकिंग का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा,पार्षद रवि शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार कमल पांचाल ने बंधन बैंक के स्टाफ को नवीन सेवाओं के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही बैंक की ओर से डिवीजन मैनेजर नर्मदापुरम बबलू श्रीवास,जयदेव राय, राजू नाथ, आकाश कंथारिया, मंगल सिंह सोलंकी, जशवंत वर्मा,धर्मेंद्र पाल, बाबू खान,देवेंद्र राजपूत, रिंकू अहिरवार, विमल कीर, आकाश राठौर, दीपेश माहेश्वरी, पवन मेवाड़ा, मनोज वाला, रियाजुल लायक, परमानंद पटेल, अरविंद प्रजापति, अंकित नामदेव आदि मौजूद रहे।

## मानसिक प्रताड़ना विषय पर व्याख्यान आयोजित

**सीहोर।** नेशनल टास्क फोर्स के अंतर्गत शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में मासिक प्रताड़ना जैसे गंभीर सामाजिक विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को मानसिक प्रताड़ना के विभिन्न प्रकार, उसके दुष्प्रभाव तथा बचाव के प्रभावी उपायों के प्रति जागरूक करना था। व्याख्यान के दौरान एनटीएफ नोडल अधिकारी डॉ. कलिका डोलस द्वारा छात्राओं को मानसिक तनाव से बचाव के व्यावहारिक उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### भ्रष्टाचारियों के बयान अब तक नहीं हुए, लीपापोती में लगा स्वास्थ्य विभाग

# जांच के नाम पर खानापूर्ती, 20 दिन बीते नहीं हुई एफआईआर व विभागीय कार्रवाई

सिविल अस्पताल में ड्यूटी के दौरान डॉक्टरों और स्टाफ नर्सों को मिलने वाले इनसेंटिव को गलत तरीके से धोखाधड़ी कर करीबी रिश्तेदारों के खातों में डालकर 47 लाख रुपए से अधिक का किया घोटाला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




हमेशा सुर्खियों में रहने वाले सिविल अस्पताल में आयुष्मान योजना प्रोत्साहन राशि (इनसेंटिव) घोटाले को उजागर हुए 20 दिन से ज्यादा बीत चुके हैं। लेकिन अब तक 46 लाख रुपए से अधिक का घोटाला करने वाले आरोपियों पर नाही एफआईआर दर्ज की गई है नाही विभागीय कार्यवाही की जोहत उठाई जा रही है। बस जांच के नाम का खेल शुरू कर पूरे मामले में अब तक खानापूर्ति की जा रही है। जिससे जिले के स्वास्थ विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं लिहाजा ऐसे में जिम्मेदार स्वास्थ विभाग के अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध नजर आती है। आपको बता दें कि वर्ष 2017 से लेकर वर्ष 2023 तक सिविल अस्पताल में पदस्थ फार्मासिस्ट स्टोर इंचार्ज प्रमोद परमार ने तत्कालीन लेखापाल एमएल वर्मा, तत्कालीन बीएमओ से साठगांठ कर सिविल अस्पताल में ड्यूटी के दौरान डॉक्टरों और स्टाफ नर्सों को मिलने वाले इनसेंटिव को गलत तरीके से धोखाधडी कर अपनी पत्नी सहित तीन करीबी रिश्तेदारों के खातों में डालकर 47 लाख रुपए से अधिक का घोटाला कर डाला है। लिहाजा साफ तौर पर रिश्तेदारों के बैंक खातों मे ट्रांसफर की गई। राशियों के बैंक स्टेटमेंट से भ्रष्ट कर्मचारी और अधिकारियों की कारगुजारियो उजागर होती है। फिर भी स्वास्थ विभाग की मेहरबानी बनी होना मामले में लीपापोती की और इशारा करता है।

### 20 दिन से पत्र-पत्र खेलता स्वास्थ विभाग, अब ऐसे शुरू हुआ जांच का खेल

आयुष्मान योजना की प्रोत्साहन राशि में हुए घोटाले के सामने आने के 20 दिनों बाद भी जिला प्रशासन या स्वास्थ विभाग ने अब तक भ्रष्ट आरोपियों पर एफआईआर दर्ज नहीं करवाई। नाही शासकीय सेवा से बर्खास्त किया है। ऐसे में अब आष्टा से भोपाल तक पहुंचे मामले के बाद जिले का स्वास्थ विभाग सिर्फ जांच के नाम पर खानापूर्ति करने में जुट गया है। आपको बता दें की आयुष्मान योजना के इनसेंटिव की शिकायत सेवा निवृत शिशुरोग विशेषज्ञ डॉक्टर एके जैन ने 27 जनवरी को लिखित में स्थानीय बीएमओ को दर्ज कराई थी। इसके बाद बीएमओ अमित माथुर ने 31 जनवरी को आनन फानन में जिला स्वास्थ विभाग को पत्र लिखकर अवगत कराया। जिसके बाद 2 फरवरी को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुधीर डहरिया ने आयुष्मान भारत निरामयम विभाग भोपाल को पत्र लिखा, इसके बाद 6 फरवरी को आयुष्मान भारत निरामयम विभाग भोपाल के महाप्रबंधक डॉक्टर नरेंद्र भयडीया ने सीहोर स्वास्थ विभाग को जांच के आदेश जारी किए , ऐसे में आयुष्मान भारत निरामयम विभाग भोपाल से आदेश जारी होते ही जिला स्वास्थ विभाग ने भी जहमत उठाते हुए 10 फरवरी को 6 सदस्यीय जांच टीम गठित करने के आदेश जारी किए। लिहाजा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा गठित जांच टीम ने 13 फरवरी को सिविल सर्जन डॉक्टर उमेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में जांच का खेल शुरू कर दिया।

### बीएमओ से लेकर कई डॉक्टर, कर्मचारी शामिल, अब सबूतों को नष्ट करने में जुटे

वर्ष 2017 से 2023 तक हुए इस घोटाले में जहां मुख्य रूप से फार्मासिस्ट स्टोर इंचार्ज प्रमोद परमार और तत्कालीन आयुष्मान मित्र जगदीश मेवाड़ा अपनी पत्नी और रिश्तेदारों के बैंक खातों में राशि ट्रांसफर करने से सीधे सीधे इस घोटाले में शामिल हैं तो वही शिकायतकर्ता डॉक्टर एके जैन को भी आयुष्मान भारत निरामयम विभाग के महाप्रबंधक डॉक्टर नरेंद्र भयडीया ने जांच के दायरे में खड़े कर दिया है तो वही तत्कालीन बीएमओ और लेखापाल की भी इस घोटाले में शामिल होने की पूरी संभावना है इसी के चलते जांच टीम भी तमाम तत्कालीन अधिकारियों और कर्मचारियों से जांच पड़ताल करने का खेल शुरू कर खानापूर्ति करने में जुटी है।

### प्रमोद ने 27 लाख रुपए तो जगदीश ने 18 लाख रुपए की राशि की ट्रांसफर

सिविल अस्पताल में पदस्थ फार्मासिस्ट स्टोर इंचार्ज प्रमोद परमार ने गलत तरीके से आयुष्मान योजना के इनसेंटिव को अपनी पत्नी दीक्षा परमार सहित अपने करीबी रिश्तेदार कांता परमार , शुभम परमार, बबीता परमार के बैंक खातों में डाल दी और यह राशि 27 लाख रुपए से अधिक की है वही एक और आरोपी जगदीश मेवाड़ा ने भी आयुष्मान योजना इनसेंटिव को अपने खातों में ट्रांसफर कर डाला है जिसमें 18 लाख रुपए से ज्यादा की राशि शामिल है जगदीश मेवाड़ा ने अलग अलग बैंक खातों में इन राशियों को ट्रांसफर किया है और इसमें 55000 हजार की राशि अपनी पत्नी सागर मेवाड़ा के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर की है। और यह पूरा काला चिट्ठा 440 पेज की ट्रांजेक्शन लिस्ट में सीधे सीधे पूरी कहानी बया कर रहा है लेकिन भ्रष्ट सिस्टम है कि तत्काल कार्यवाही करने की बजाय अपने इन प्यादों को बचाने में जुट गया है ताकि इस खेल के मुख्य खिलाड़ियों को बचाया जा सके।

### दो पूर्व बीएमओ सहित लेखापाल को बयान के लिए बुलायाः सिविल सर्जन

मामले में गठित 6 सदस्यीय जिला स्तरीय जांच टीम को लीड कर रहे सिविल सर्जन डॉक्टर उमेश श्रीवास्तव ने हुए कहा कि हमने आयुष्मान घोटाले की जांच को आगे बढ़ाते हुए मामले से जुड़े तत्कालीन, अधिकारियों और कर्मचारियों को बयान के लिए सूचना भेजी और कल इनके बयान होना है अभी हमने पूर्व बीएमओ डॉक्टर प्रवीर गुप्ता, पूर्व बीएमओ डॉक्टर जीडी सोनी और तत्कालीन लेखापाल एमएल वर्मा को बुलाया है।

## आठ करोड़ से बनेगी चार सड़कें: विधायक सुदेश राय

### बजट में विधायक ने सरकार से कराई स्वीकृत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्यप्रदेश सरकार ने विधायक सुदेश राय की अनुशंसा पर प्रस्तुत बजट में विधानसभा क्षेत्र के आठ से अधिक गांवों को जोडऩे वाली आठ किलोमीटर की चार सड़कों के लिए आठ करोड़ रूपये स्वीकृत किए है। सड़क निर्माण से छतरी, गोपालपुरा, सनखेड़ा, दौलतपुरा, जुगराजपुरा, सीलखेड़ा, श्यामपुर और मुंजखेड़ा सहित अन्य गावों के ग्रामीण लाभांवित होंगे। इधर प्रस्तुत बजट को विधायक सुदेश राय ने किसानों मजदूरों गरीबों युवाओं महिलाओं के लिए समृद्धि कारक बताया है। उन्होने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने 4,38,317 करोड़ का बजट प्रस्तुत किया है। बजट में स्वयं के व्यय से 1,17,667 करोड़ का राजस्व प्राप्त का लक्ष्य रखा है। केंद्र सरकार से 1,12,137 करोड़ रूपयें प्रदेश सरकार को प्राप्त होंगे। किसान हितैशी विधायक सुदेश राय ने विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों में सड़कों का जाल बिछाने के लिए बजट सत्र के दौरान प्रमुखता से मुददा रखा। उन्होने कहा कि सड़के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और किसानों की उन्नती प्रगति के लिए अति आवश्यक है। ग्रामीण सड़के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन को भी साकार करती है। तत्पश्चात विधानसभा सीहोर को बजट में बड़ी सौगात देते हुए छतरी,गोपालपुरा तक तीन किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 3 करोड़ 61 लाख रूपये ,सनखेड़ा से दौलतपुरा तक 2 किलो मीटर सड़क निर्माण के लिए 1 करोड़ 89 लाख रूपये, ग्राम जुगराजपुरा से सीलखेड़ा तक लगभग 2 किलामीटर सड़क निर्माण के लिए 1 करोड़ 90 लाख रूपये और श्यामपुर से मुंजखेड़ा तक 1 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 1 करोड़ 18 लाख रूपये स्वीकृत किए है। सड़क निर्माण से हजारों ग्रामीणों को लाभ मिलेगा।

## बाबा नागेश्वर मंदिर का हो रहा निर्माण

**आष्टा।** ग्राम अतरालिया तहसील जावर में भव्य एवं दिव्य बाबा नागेश्वर मंदिर बन रहा है। यह निर्माण कार्य बाबा साहब रविंद्र सिंह ठाकुर के सानिध्य में किया जा रहा है। ग्राम अतरालिया में प्राचीन समय से नाग देवता का पावन स्थान स्थापित है श्रद्धालुओं की आस्था है कि जो भी भक्त सच्चे मन से नाग देवता के स्थान पर पहुंचकर अपनी मनोकामना व्यक्त करता उसकी सभी इच्छाएं पूर्ण होती है बाबा साहब रविंद्र सिंह ठाकुर ने बताया है कि बाबा नरेश्वर के दरबार में आने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण होती है वह जिन भक्तों की मनोकामना पूर्ण हुई उनके सहयोग से मंदिर का भाव निर्माण कराया जा रहा है उन्होंने बताया है कि सावन मास में नाग पंचमी के पावन अवसर पर निर्माण कार्य पूर्ण कर बाबा नागेश्वर की विधिवत स्थापना की जाएगी। इस आयोजन को लेकर ग्रामीण एवं श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है मंदिर निर्माण से क्षेत्र में धार्मिक आस्था और होगी।

## एनएसएस शिविर का तीसरा दिनः जागरूकता और स्वास्थ्य सेवा के लिए किया समर्पित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आज़ाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर की ऐन ऐस ऐस की छात्रा इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का तृतीय दिवस ग्राम बीजौरी में सामाजिक जागरूकता और स्वास्थ्य संवर्धन गतिविधियों के साथ उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।

शिविर के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं ने परियोजना कार्य के रूप में "नशामुक्ति" विषय पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया तथा स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। बौद्धिक सत्र के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें महिला स्वास्थ्य एवं मानसिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ. अना सादिक, डॉ. अज़हर बेग, ममतेश राठौर, राजकुमारी मेवाड़ा तथा आशा सुपरवाइज़र रीना राठौर ने अपने प्रेरक उद्बोधन में महिलाओं के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही, विशेषज्ञों की टीम ने शिविर में उपस्थित स्वयंसेविकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया तथा उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा ने एनएसएस की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं व्यावहारिक कौशल वृद्धि का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि एनएसएस के माध्यम से छात्र-छात्राएं समाज सेवा के साथ-साथ नेतृत्व, संवाद एवं संगठनात्मक क्षमता जैसे गुणों का विकास करते हैं, जो उनके भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय से डॉ. नितिन बातव, डॉ. हुमा अख्तर, डॉ. संजय पांडेय, डॉ. मनोज कुमार शर्मा तथा वैभव बड़ोनिया तथा अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में दीक्षांत समारोह संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम भारती शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर दरखेड़ा के दीक्षांत समारोह में उपस्थित अतिथियों ने भैया बहिनों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें दूध बनकर रहना है पानी नहीं। जिस प्रकार दूध में पानी मिलाओ या पानी में दूध केवल दूध ही दिखाई देता है ठीक उसी प्रकार यदि आपको आगे अंग्रेजी कल्चर वाले उद्दंड सहपाठी मिले तो उन्हे सरस्वती शिशु मंदिर की भारतीय संस्कृति परंपरा में ढालने का प्रयास करना है ना कि उनकी अंग्रेजी परंपरा में ढलना है।सरस्वती शिशु मंदिर में बताए संस्कारों को भूलना नहीं उन्हें जीवन पर्यंत अपने आचरणो में उतारने की जरूरत है । कक्षा अष्टम के भैया बहिनों ने अपने अनुभवों को साझा किया तथा कक्षा सप्तम के भैया बहिनों द्वारा अष्टम के भैया बहिनों को प्रतिक चिन्ह भेंट किए। इस अवसर पर अतिथि के रूप में विजेंद्र सिंह मेहतवाड़ा, जिला प्रमुख रामबाबू नागर, कैलाश, लखन सिंह, चन्द्रप्रकाश, राजेंद्र सिंह, माखन सिंह, संयोजक जगन्नाथ सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आचार्य इंदर सिंह द्वारा किया गया। आभार प्रधानाचार्य बलवान सिंह द्वारा माना गया। कार्यक्रम में दीदी नीतू ठाकुर, मनीषा सेंधव, बुलबुल सेंधव, तथा पूर्व दीदी कल्पना ठाकुर उपस्थित रही।

## मप्र के बजट में समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगाः गोपालसिंह इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विधानसभा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत 4,38,317 करोड़ रुपये का शानदार बजट प्रस्तुत किया गया। बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा यह बजट ऐतिहासिक है और अब तक का सबसे बड़ा बजट है। जो प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में एक मिल का पत्थर साबित होगा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा पिछले दो वर्ष की तुलना में प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 1,41,000 से बढ़कर 1,69,000 हो गई है। यह 19.25 प्रतिशत की वृद्धि सरकार की प्रभावी आर्थिक नीतियों का परिणाम है।

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा प्रस्तुत किया गया यह बजट गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष फोकस करता है,जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। बजट में गौशालाओं के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं तथा 1 लाख सोलर पंप किसानों को देने की तैयारी की गई है। बजट में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए 1 लाख हेक्टेयर क्षेत्र का लक्ष्य रखा गया है और फसल बीमा के लिए 1,300 करोड़ का प्रावधान किया गया है। महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में 'लाड़ली बहना योजना' के लिए 23,000 हजार करोड़ से अधिक की राशि निर्धारित की गई है।

साथ ही कामकाजी महिलाओं के लिए 5,700 महिला हॉस्टल के निर्माण तथा उनकी सुरक्षा और पेंशन पर विशेष जोर दिया गया है।युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 25,000 करोड़ के ऋण प्रावधान किए गए हैं तथा खेलों के विकास के लिए 815 करोड़ की राशि निर्धारित की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास हेतु मजरे-टोले की सड़कों के लिए 21,000 करोड़ से अधिक की राशि दी गई है। शिक्षा के क्षेत्र में 294 नए विद्यालय स्थापित करने की तैयारी है, जिससे प्रदेश में शैक्षणिक ढांचे को सुदृढ़ किया जाएगा। वीबीजी रामजी योजना के लिए 10,000 करोड़ से अधिक की राशि का प्रावधान किया गया है।

अब गांवों को खुद निर्णय का अधिकार केन्द्र और राज्य सरकार दे रही है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा बजट में पहली बार बच्चों को ट्रेटा दूध दिया जाएगा। उसके लिए बजट में प्रावधान किया गया है।स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 23,000 करोड़ का प्रावधान कर चिकित्सा सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। इसके साथ ही 472 नई ई-बस सेवाओं की शुरुआत कर शहरी परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। 1,00,000 करोड़ से अधिक का पूंजीगत व्यय प्रदेश में अधोसंरचना और विकास कार्यों को नई गति देगा। प्रस्तुत किया गया मप्र का यह बजट वर्ष 2047 तक विकसित प्रदेश के विजन को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और यह हर वर्ग को सशक्त बनाने वाला संतुलित, समावेशी एवं विकासोन्मुख बजट है।

### दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था ने विवाह में निभाया मामा का फर्ज

# भात की परंपरा निभाई, भांजी को दिए कई उपहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी




जिस प्रकार से मध्य प्रदेश शासन द्वारा नारी सशक्तिकरण के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है इस प्रकार भोपाल दुग्ध सहकारी संघ द्वारा दुग्ध प्रदायक सदस्यों से केवल दूध क्रय करना ही नहीं अपित एक जन कल्याण की भावना तथा आत्मीय प्रेम के साथ सांची( भात) मायरा योजना चलाई जा रही है जिसमें जो भी संस्था के सदस्य लगातार 4 वर्षों से संस्था में दूध प्रदान कर रहे , ऐसे सदस्यों के यहां संघ द्वारा उपहार तथा 11000 रुपए की नगद राशि बालिका के विवाह पर प्रदान की जाती है, संस्था द्वारा बालिका प्रियांशी और उसकी माता के कपड़े भी दिए,इसी क्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी भोपाल दुग्ध संघ तथा महाप्रबंधक क्षेत्र संचालक के मार्गदर्शन में जिला नोडल अधिकारी तथा समस्त पर्यवेक्षक को द्वारा तथा संस्था की प्रबंधकरणी द्वारा नगर कोठरी में लखन लाल की सुपुत्री के शुभ विवाह के अवसर पर मामा की भूमिका में (भात) भराई की रस्म अदा की गई। इस अवसर पर जिले से जिला नोडल अधिकारी कृपाल सिंह दुगरिया तथा समस्त पर्यवेक्षक व संस्था के समस्त सदस्य गण उपस्थित रहे तथा कन्या को आशीर्वाद व सभी ने अपनी शुभकामनाएं दी, कन्या के माता-पिता द्वारा भोपाल दुग्ध संघ तथा कोठरी दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सभी मेहमानों तथा नगर वासियों ने योजना हेतु भोपाल दुग्ध संघ का धन्यवाद आभार व्यक्त किया। उपस्थित सदस्यों में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राधेश्याम दलपति,भोपाल सिंह मंडलोई संस्था अध्यक्ष कोठरी, सुधीर कासनियां संस्था उपाध्यक्ष , नारायण सिंह संचालक, देवकरण दुबे संचालक बाबूलाल संचालक सतीश वकील संचालक, कमोद सिंह, गजराज सिंह, मांगीलाल, सुंदरलाल आदि बड़ी संख्याओं में सभी उपस्थित रहे।

## जुमला साबित हुई स्मार्ट सिटी बनाने की घोषणाः पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर को स्मार्ट सिटी बनाने को लेकर कोई प्रावधान नही किया गया है। इससे नगर की जनता खुद को ठगा सा महसूस कर रही है। पिछले वर्ष मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान करने 2025-26 बजट के लिए 15 जनवरी तक आमजन से अपने सुझाव मांगे थे। पिछले वर्ष प्रदेश सरकार द्वारा उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के नाम से विज्ञापन जारी किये थे तब पूर्व नपा अध्यक्ष कैलाश परमार ने नगर को भाजपा सरकार द्वारा स्मार्ट सिटी बनाये जाने का वादा याद दिलाते हुए प्रदेश के वित्त मंत्री को सुझाव दिया था कि गत निकाय चुनाव में भाजपा सरकार द्वारा आष्टा की आमजन से यह वादा किया गया था कि अगर नगरपालिका में भाजपा समर्थित परिषद का चयन होता है तो वह आष्टा नगर को स्मार्ट सिटी बनाएंगे। इसकी घोषणा वर्तमान केन्द्रीय कृषि मंत्री व तत्कालिन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कालोनी चौराहा पर आमसभा में की थी। पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने कहा है कि निकाय चुनाव को तीन वर्षो से अधिक व्यतीत हो चुके हैं, पार्षद से लेकर प्रधानमंत्री तक भाजपा का हैं डबल की जगह ट्रिपल इंजिन की सरकार काम कर रही है, ऐसे में स्मार्ट सिटी हेतु नपा को वर्ष 2026-27 के बजट में 500 करोड़ का प्रावधान किया जाना था किंतु वित्तमंत्री श्री देवड़ा द्वारा प्रस्तुत बजट में आष्टा को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए किसी राशि का आवंटन न होना निराशाजनक है। भाजपा द्वारा मुख्यमंत्री के पद की गरिमा का भी अवमूल्यन किया जा चुका है। वही भारतीय जनता पार्टी द्वारा आष्टा नगरपालिका को लेकर जारी किये गये अपने घोषणा पत्र में भी आष्टा को स्मार्ट सिटी का दर्जा दिलाने की घोषणा की गई थी। किंतु इस बजट से स्पष्ट हो गया कि निकाय चुनाव में वोटे लेने के लिए आष्टा की जनता से खुलेआम झूठ बोला गया था। वैसे भी मध्यप्रदेश का यह बजट जितने का है उससे ज्यादा का प्रदेश पर कर्ज है, हालत यह है कि, लिये हुए कर्ज का ब्याज चुकाने के लिए भी भाजपा की सरकार को हर महीने कर्ज लेना पड़ रहा है, ऐसी शर्मनाक स्थिति कभी नही बनी। इस बजट से आमजन को कोई लाभ नही मिलने वाला है।